मध्य प्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड
कार्यालय अति.मुख्य अभियंता (प्रशिक्षण) संजय गाँधी ताप विद्युत गृह,
म0प्र0पा0ज0कं0लि0, बिरसिंहपुर, उमरिया म॰ प्र॰ पिन –484551
E-mail: setrainingsgtps.brs@gmail.com

क्रमांक– 511–0100/SE(TRG)/ITI-APPR/ 113 बिरसिंहपुर, दिनाँक– 06/07/2023

## अप्रैंटिस एक्ट 1961 के अन्तर्गत आई॰टी॰आई॰ अप्रैंटिस के आवेदन हेतु संशोधित विस्तृत विज्ञापन

म॰ प्र॰ राज्य के शासकीय/अशासकीय मान्यता प्राप्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं (आई॰टी॰आई॰) से उत्तीर्ण अभ्यार्थियों से निम्नलिखित शाखाओं/व्यवसायों(ब्रॉच/ट्रेड) में एक वर्षीय अप्रैंटिस प्रशिक्षण हेतु आवेदन पत्र निर्धारित प्रपत्र में ऑन लाईन आमंत्रित किये जाते हैं :

### आई॰टी॰आई॰ अप्रैंटिस

| क्र॰ | व्यवसाय | सामान्य | ओ॰बी॰सी॰ | अ॰जा॰ | अ॰ज॰जा॰ | इ॰डब्ल्यु॰एस॰ | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Fitter | 4 | 3 | 2 | 2 | 1 | **12** |
| 2 | Electrician | 8 | 8 | 4 | 6 | 2 | **28** |
| 3 | Turner | 2 | 2 | 1 | 1 | 1 | **7** |
| 4 | Welder( Gas cutter) | 5 | 4 | 3 | 4 | 2 | **18** |
| 5 | Instrument mechanic | 1 | 2 | 2 | 1 | 1 | **7** |
| 6 | Computer Operator & Programming Assistant (COPA) | 5 | 5 | 2 | 4 | 1 | **17** |
| 7 | Electronics Mechanic | 2 | 1 | 1 | 1 | 1 | **6** |
| कुल योग | | **27** | **25** | **15** | **19** | **9** | **95** |

**नोटः**

1. उक्त रिक्तियां केवल म॰प्र॰ के मूल निवासी उम्मीदवार के लिए है। ऑन–लाइन आवेदन की अंतिम तिथि दिनाँक 28/07/2023है।
2. अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण पर मान, उच्च न्यायालय म॰प्र॰ के निर्णयानुसार रिक्तियों की संख्या में परिवर्तन किया जा सकता है।
3. इस वर्ष में समय–समय पर होने वाली रिक्तियों को भी इस विज्ञापन के माध्यम से प्राप्त आवेदनों से भरा जा सकेगा।

## प्रशिक्षण के लिए लागू नियम व शर्तें :

01. **शैक्षणिक / तकनीकी योग्यता– शासन के नियमानुसार संबंधित विषय में।**

आई॰टी॰आई॰ अप्रैटिस – शासकीय / अशासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं से (एस॰सी॰व्ही॰टी॰ / एन॰सी॰व्ही॰टी॰) आई॰टी॰आई॰ उत्तीर्ण।

02. पात्रता –

A. उम्मीदवार किसी भी स्थापना संस्था में इसके पूर्व अप्रेंटिसशिप हेतु पंजीकृत न हुआ हो तथा किसी भी संस्थान में एक वर्ष या अधिक ,समय तक कार्य न किया हो।

B. प्रशिक्षुओं का चयन उनके शाखा / व्यवसाय में कुल प्राप्तांकों(सी॰जी॰पी॰ए॰) की प्रावीण्य सूची(मेरिट लिस्ट) के आधार पर किया जावेगा।

03. प्रशिक्षुओं का प्रशिक्षण समाप्त होने पर सं.गां.ता.वि.गृ., म.प्र.पॉ.जन.कं.लि. द्वारा नियुक्ति देने की बाध्यता नहीं होगी।

04. साधारण डाक द्वारा आवेदन प्रेषित करने की स्थिति में आवेदक जिस शाखा के प्रशिक्षण हेतु आवेदन कर रहा है उस शाखा एवं वर्ग का नाम लिफाफे पर भी स्पष्ट रूप से अंकित किया जावें।केवल उपरोक्त शाखाओं में उत्तीर्ण उम्मीदवारो के आवेदन पत्र हीचयन हेतु स्वीकार्य होंगे।

05. ऑन–लाइन आवेदन के साथ ऑफलाईन आवेदन भी आवश्यक हैं, आवेदन पत्र में अपूर्ण / त्रुटिपूर्ण जानकारी अथवा असत्य जानकारी देने पर आवेदन निरस्त कर दिया जावेगा निर्धारित अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा। आवेदन प्राप्त होने में कोई विलम्ब होने / आवेदन पत्र गुम होने / फटने / नष्ट होने की स्थिति में म0प्र0पा0ज0कं0लि0 का कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा। आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में **अधीक्षण अभियंता (प्रशिक्षण) संजय गाँधी ताप विद्युत गृह म0 प्र0 पा0 ज0 कं0 लि0 , बिरसिंहपुर,पिन 484551** के नाम प्रेषित किया जायेगा।

06. प्रशिक्षुओं को आवास की व्यवस्था स्वंय करनी होगी। सिर्फ प्रशिक्षण अवधि के दौरान कम्पनी के आवास रिक्त होने की स्थिति में उपलब्धतानुसार ही निर्धारित शुल्क आधार पर आवास सुविधा प्रदान की जावेगी। आवास सिर्फ प्रशिक्षणार्थियों को साझा आधार पर उपलब्ध होंगे एवं प्रशिक्षणार्थियों को आवंटित होंगे इस शर्त पर की वे परिवार के साथ नहीं रह पायेंगे।

07. आवेदक की भारत सरकार के अप्रेंटिस पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य होगा। आवश्यक दिशानिर्देश हेतु आवेदक समय– समय पर अपना ई–मेल आई॰डी॰ तथा कम्पनी की वेबसाईट http://mppgcl.mp.gov.inभी देखते रहें।

08. वरीयता प्राप्त आवेदकों को आमंत्रण(ऑफर लेटर) अप्रेंटिसशिप पोर्टल https://apprenticeshipindia.gov.in पर उनके अप्रैटिस प्रोफाइल पर भेजा जावेगा, एवं किसी भी तरह का पत्राचार उनके ई–मेल आई॰डी॰ पर ही किया जावेगा। अतः आवेदकों से अनुरोध है किवे अपना प्रोफाइल लगातार देखते रहें तथा अपना ई–मेल आई॰डी॰ आवेदन करने से पहले बना ले जो कम से कम एक साल के लिए वैध हो।

09. अनु॰जाति / अ॰ज॰जा॰ / ओ॰बी॰सी॰ / विकलांग के लिए आरक्षण अप्रेंटिसशिप एक्ट के प्रावधानों के अनुसार रहेगा।

10. किसी भी प्रशिक्षु के चयन /निरस्त करने का अधिकार बिना किसी कारण बताये सं.गां.ता.वि.गृ., म.प्र.पॉ.जं.कं.लिमि. बिरसिंहपुर अपने पास सुरक्षित रहेगा।

11. आवेदक को मध्य प्रदेश का, मूल निवासी होना आवश्यक रहेगा। जबलपुर, कटनी, उमरिया, शहडोल, अनुपपुर जिले के रहवासियों की प्राथमिकता प्रदान की जावेगी।

12. चयनित अप्रैटिस प्रशिक्षुओं को सुरक्षा की दृष्टि से दुर्घटना संबंधी बीमा कराना आवश्यक होगा, जिसकी पॉलिसी की प्रति कार्यालय में उपलब्ध करानी होगी।

13. शासन के पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन, बीमा पॉलिसी, चिकित्सा प्रमाण–पत्र एवं आधार कार्ड की फोटो प्रति, 500रू के स्टाम्प पेपर पर प्रत्येक अनुबन्ध, इत्यादि आवश्यक रूप से कार्यालय में उपलब्ध करायें जाना आवश्यक होगा।

14. आवेदन से सम्बधित विस्तृत जानकारी कम्पनी की वेबसाईट http://mppgcl.mp.gov.in/careers.html पर उपलब्ध है।

15. आरक्षण एवं आयु में छूट :

A. चयन प्रक्रिया में अनु॰जाति/अ॰ज॰जा॰/अ॰पि॰वर्ग/ई॰डब्लु॰एस॰ तथा दिव्यांग आरक्षण नियम (संशोधित) 2017 एवं राज्य शासन के नियमानुसार रहेगा। यदि अनु॰जाति/अ॰ज॰जा॰ संवर्ग में निर्धारित संख्या में उम्मीदवार उपलब्ध नहीं होते है तो उक्त संवर्ग की रिक्तियों को आपस में भरा जायेगा। तदोपरांत रिक्त रहने पर अन्य संवर्गों से भरा जा सकेगा।

B. रिक्तियों की संख्या अंतिम है तथा समीक्षा के दौरान यह संख्या परिवर्तित हो सकती है। इसके परिणाम स्वरूप विभिन्न वर्गों/ श्रेणियों हेतु आरक्षित पदों की संख्या भी पुनरीक्षित हो सकती है।

C. सभी वर्गों में उम्मीदवारों की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए। आयु की संगणना तिथि 01/07/2023 के आधार पर की जावेगी।

D. सामान्य वर्गों के उम्मीदवारों की अधिकतम आयु 25 वर्ष होगी तथा अनु॰जाति/अ॰ज॰जा॰/अ॰पि॰वर्ग/नॉन–क्रीमी लेयर के उम्मीदवारों की अधिकतम आयु सीमा के 05 वर्ष की एवंदिव्यांगको 10 वर्ष कीछूट रहेगी।

E. शिक्षुता प्रशिक्षण की अवधि एक वर्ष रहेगी।

16. चयन प्रकिया :

A. आर्हता सुनिश्चित करने के लिए विज्ञापन के अनुसार प्राप्त आवेदनों की छटाई की जावेगी। तत्पश्चात्, सं॰गां॰ता॰वि॰गृ॰, म॰प्र॰पॉ॰ज॰कं॰लिमि बिरसिंहपुर द्वारा हुए आवेदनों में आई॰टी॰आई॰ अप्रेंटिसशिप हेतु आई॰टी॰आई॰ में प्राप्त सीजीपीए(सेमेस्टर के औसत) अंकों के प्रतिशत के आधार पर योग्यता क्रम(मेरिट लिस्ट्) में चयन किया जावेगा। समान अंक होने पर अधिक आयु वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जावेगी। आवश्यकता होने पर वेटिंग लिस्ट से चयन किया जायेगा।

B. उम्मीदवार केवल एक ही ट्रेड में आवेदन भर सकता है। एक से अधिक ट्रेड में आवेदन करने पर आवेदन निरस्त किया जा सकता है।

C. निर्धारित समयावधि में ज्वाइन न करने पर चयन निरस्त कर दिया जायेगा।

17. स्टाईपेण्ड :

कौशलविकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा इस संबंध में जारी निर्देशानुसार स्टाईपेण्ड देय होगा, जो वर्तमान में निम्नानुसार हैः

| क्र॰ | आर्हता | मासिक स्टाईपेण्ड(रू में) |
|---|---|---|
| 1 | एक वर्षीय आई॰टी॰आई॰ अप्रेंटिस | 7700/– |
| 2 | दो वर्षीय आई॰टी॰आई॰ अप्रेंटिस | 8050/– |

नोटः– इसके अतिरिक्त अन्य कोई भत्ते/ लाभ की पात्रता नहीं होगी।

18. चिकित्सा/ स्वास्थ्य मानक :

A. किसी भी योग्य व पात्र आवेदक का अंतिम चयन चिकित्सा फिटनेस जो कि जिला चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी किया गया है के आधार पर ही किया जावेगा।

B. दिव्यांग उम्मीदवारों को उचित प्रारूप में प्राधिकृत अधिकारी अथवा जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी विकलांगता का प्रमाण पत्र जमा करना होगा। 40 प्रतिशत अथवा उससे अधिक अक्षमता होने पर ही आरक्षण का लाभ दिया जायेगा। जोखिम पूर्ण ट्रेड कोछोडकरअन्यट्रेड में दिव्यांगों हेतु आरक्षण राज्य शासन के नियमानुसार दिया जायेगा।

C. दिव्यांगजन हेतु आरक्षण सिर्फ "Computer Operator & Programming Assistant (COPA)" ट्रेड में शासकीय दिशानिर्देशों के अनुसार सभी वर्गों में क्षैतिज आधार पर लागू होगा।

19. आवेदन कैसे करें:

आई॰टी॰आई॰ उत्तीर्ण उम्मीदवार शासन की वेबसाईट https://apprenticeshipindia.gov.inके माध्यम से दिनाँक 28/07/2023 च्की मध्य रात्रि 11:59 बजे तक ऑनलाईन पद्घति से भरे जा सकते है। इसके पश्चात् प्राप्त आवेदन स्वीकृत नहीं किये जायेंगे।

**आई॰टी॰आई॰ उम्मीदवारों हेतु आवेदन प्रकिया** – आवेदन से पूर्व उम्मीदवार का अप्रेंटिसशिप पोर्टल www.apprenticeshipindia.gov.inपर पंजीकरण अनिवार्य है, यदि उम्मीदवार ने पंजीकरण नहीं कराया है तो निम्नांकित प्रक्रिया के अनुसार पंजीकरण कर सकते है:

- सर्वप्रथम कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय की वेबसाइट https://apprenticeshipindia.gov.inपर जायें।
- आपको https://apprenticeshipindia.gov.in/register/Candidate link दिखाई देगी उस पर Click करने से नया पेज खुल जायेगा।
- Toolbar में Register बटन पर Click करें। "Register As Candidate" विकल्प का चयन करें।
- व्यक्तिगत विवरण (Personal Details) Section_ में आधार नम्बर, वर्ग (General/OBC/SC/ST) नाम, पिता/माता का नाम, जन्मतिथि, लिंग आदि की प्रविष्टि करें।
- Contact Details section में अपना पूरा पता, मोबाइल नम्बर एवं E-mail ID एवं पासवर्ड का उपयोग करें।
- Qulification Section में अपनी तकनीकी (Technical) व शैक्षणिक (Academic) योग्यता की जानकारी प्रविष्टि कर संबंधित प्रमाण–पत्र अपलोड करें।
- Preference Section में शिक्षुता प्रशिक्षण के लिए आप अपने sector/व्यवसाय (Trade)की प्राथमिकता का चयन करें।
- चौथे चरण में अपना फोटो, जन्मतिथि प्रमाण –पत्र व स्कैन किये हुए हस्ताक्षर अपलोड करें व Continue पर Click करें।
- अन्तिम पेज पर आपके द्वारा भरी गई जानकारी का प्रिव्यू प्राप्त होगा । Editबटन पर Click करके जानकारी में परिवर्तन किया जा सकता है सभी जानकारियॉ सही होने परConfirm बटन परClick करके पंजीयन की प्रकिया को पूर्ण करें।
- Candidate Registration की प्रकिया पूर्ण करने के उपरान्त आपके द्वारा Contact Details में दिये गयेE-Mail/Mobile No. एवं पासवर्ड से अप्रेन्टिसशिप पोर्टल पर लॉगिन कर सकते हैं।
- उम्मीदवार पंजीकरण के उपरांत "Establishment Search" में जाकरSANJAY GANDHI THERMAL POWER STATION BIRSINGHPUR का विकल्प चुन कर संस्थान के विज्ञापन में दर्शाई गई रिक्तियों में योग्यता अनुसार आवेदन करें।

**20. <u>महत्वपूर्ण निर्देश एवं शर्तें:</u>**

A. उम्मीदवार कृप्या यह सुनिश्चित कर लें कि, शिक्षुता प्रशिक्षण के लिये योग्यता रखते है तथा उनके द्वारा दी गई सभी जानकारियां सही है।

B. यदि चयन प्रकिया के दौरान किसी भी समय यह ज्ञात होता है कि उम्मीदवार निर्धारित आर्हताओं को पूरा नहीं करते है और हमारी आवश्यकताओं पर खरे नहीं उतरते हैं। अथवा उन्होंने कोई भी जानकारी छुपाई है तो उनकी उम्मीदवारी को निरस्त कर दिया जावेगा एवं प्रशिक्षण समाप्ति जैसी सख्त कार्यवाही की जा सकती है।

C. अनुसूच्रित जाति/अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग/ई॰डब्लु॰एस॰/दिव्यांग उम्मीदवार कृपया अपनी श्रेणी ध्यानपूर्वक भरें चूँकि बाद में उनके द्वारा भरी गई कोई भी जानकारी किसी भी परिस्थिति में बदली नहीं जायेगी।

D. यदि उम्मीदवार अपने ऑन–लाइन आवेदन में कोई परिवर्तन करना चाहते हैं, तो Edit my Profile में जाकर परिवर्तन कर सकते है।

E. विज्ञापन के आधार पर किये गये आवेदन पर किसी भी प्रकार की विधिक कार्यवाही का निपटारा शिक्षुता अधिनियम 1961 (यथासंशोधित) के प्रावधानों के आधार पर किया जावेगा।

F. उम्मीदवार चयन हेतु म.प्र.पा.जं.कं.लि. बिरसिंहपुर द्वारा बनाए गए एवं भविष्य में बनाए जाने वाले सभी नियमों एवं विनियमों का पालन करने के लिए बाध्य होंगे।

G. शिक्षुता अवधि में अभ्यर्थियों को 12 दिवस के आकस्मिक अवकाश एवं 10 चिकित्सा अवकाश तथा साप्ताहिक अवकाश की पात्रता रहेगी।

H. दुर्घटना की स्थिति में कर्मचारी क्षतिपूर्ति नियम 1923 लागू होगा।

I. सं.गां.ता.वि.गृ., म.प्र.पॉ.जं.कं.लि., बिरसिंहपुर को बिना पूर्व नोटिस या कारण बताए, चयन प्रकिया को रंद्द करने / सीमित करने / बढ़ाने का अधिकार होगा।

J. चयन न होने की स्थिति, में उम्मीदवारों द्वारा कोई भी पत्राचार या पूछताछ स्वीकार नहीं की जाएगी।

K. उम्मीदवार ध्यान रखें कि, शिक्षुता अधिनियम 1961 की कडिका 22(1) के अनुसार यह विज्ञापन शिक्षुता प्रशिक्षण के लिए है, नौकरी रोजगार के लिए नहीं । प्रशिक्षण के उपरांत म.प्र.पॉ.जं.कं.लि., बिरसिंहपुर किसी भी उम्मीदवार को रोजगार देने के लिए बाध्य नहीं होगा और न ही इस संबंध में कोई विचार किया जाएगा।

L. शिक्षुता अधिनियम 1961 की कंडिका 2(1) एवं (2) के अनुसार शिक्षुओं को प्रशिक्षण पूर्ण करने के उपरांत कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित परीक्षा उत्तीर्ण करना आवश्यक होगा, जिसके बाद उन्हें राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाण– पत्र प्रदान किया जावेगा।

S. V. Nod

अति. मुख्य अभियंता(प्रशिक्षण)
सं.गां.ता.वि.गृ., म.प्र.पॉ.जं.कं.लि.
बिरसिंहपुर।

# आई०टी०आई०अप्रेंटिसशिप का प्रारूप

पासपोर्ट साइज सत्यापित / स्वयं सत्यापित फोटो चिपकाएं

अनुक्रमांक संख्या.............................
(कार्यालय प्रयोग हेतु)

## अभ्यर्थी का विवरण

1. अभ्यर्थी का नाम*(हिन्दी में).................................................................योग्यता ट्रेड सहित*.....................

Name of Candidate in English (in Capital letters) .............................................................

2. पिता का नाम*(हिन्दी में) .................................................................(अंगेजी में)*...........................................................................

3. वर्तमान पत्र व्यवहार का पताः (Present address for communication)* घर का स्थायी पता:(Permanent Home Address)*

| | |
|---|---|
| ..................................................<br>..................................................<br>..................................................<br>जिला ..........................राज्य...............................<br>पिन कोड.................................... | ..................................................<br>..................................................<br>..................................................<br>जिला ...................................राज्य..............................<br>पिन कोड.............................................. |

4. मोबाइल नंबर*...................................................... 5. ई–मेल आई डी*..............................................................................................

6. आई.टी.आई. उत्तीर्ण वर्ष (√का निषान लगाएं)* ☐ 2021 ☐ 2022 ☐ 2023

7. ट्रेड* इलेट्रिशियन ☐ वेल्डर एवं गैस कटर ☐ इंस्ट्रूमेंट मैकेनिक ☐ कोपा ☐ फिटर ☐ टर्नर ☐ इलेक्ट्रोनिक्स मैकेनिक ☐

8. जन्म तिथि* .............................01.01.2023 को आयु – Y Y Y Y M M D D

9. विवाहित (√ लगाएं):* हॉ ☐ नही ☐

10. श्रेणी (√ लगाएं)(जाति प्रमाणपत्र संलग्न करें) सामान्य ☐ अन्य पिछड़ा वर्ग ☐ अनुसूचित जाति ☐ अनुसूचित जनजाति ☐

11.EWS कोटा (√ लगाएं):* (प्रमाण पत्र संलग्न करें) – हॉ ☐ नहीं ☐

12.स्थानीय निवास (प्रमाण पत्र संलग्न करें) हॉ ☐ नहीं ☐

13. विकलांग(√लगाएं):*(यदि हॉ तो सत्यापित प्रमाण पत्र लगाएं): हॉ ☐ नही ☐

114. धर्म / Religion:......................................... 12. राष्ट्रीयता / Nationaliy*.......................................

13. शैक्षणिक / तकनीकी योग्यता* (स्वयं द्वारा सत्यापित प्रमाण पत्रों की प्रति संलग्न करें।)

| उत्तीर्ण परीक्षा | आईटीआई / संस्था का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | विषय | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| हाईस्कूल / High School | | | | |
| आई.टी.आई. ITI | | | | |
| अन्य योग्यता Other Qualification | | | | |

14. क्या आपने इससे पूर्व अप्रेन्टिस प्रशिक्षण प्राप्त किया / कर रहे हैं यदि हॉ तो विवरण प्रस्तुत करें:*

.......................................................................................................................................................

15. दो सम्मानित व्यक्तियों के नाम (जो आपके संबंधी न हो) और आपको जानतें हों * (जैसे की स्कूल/आईटीआई के प्राध्यापक, पटवारी, सरपंच, चिकित्सक, पुलिस अधिकारी आदि )

(1) नाम / Name ........................................
पद / Position .....................................
पता / Address .......................................

(2) नाम / Name ........................................
पद / Position .....................................
पता / Address .......................................

मैं प्रमाणित करता हूँ / करती हूँ कि उपरोक्त सूचनाये जो मैंने दी हैं वह मेरी जानकारी में पूर्णतया सत्य है। अगर चयन प्रकिया के किसी भी स्तर पर या चयन होने के बाद भी मेरे द्वारा दी गई सूचना असत्य पाई जाती है या मेरा आवेदन पत्र अपूर्ण भरा होता है तो बिना किसी पूर्व सूचना के मेरा अभ्यर्थन तत्काल निरस्त कर दिया जा सकता है।

स्थान :...........................................
दिनाक:...........................................

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

नोट : - (*) के निशान पर जानकारी भरना अनिवार्य है, अतः आवेदक सावधानी पूर्वक आवेदन पत्र भरें और सभी आवश्यक दस्तावेज की स्वसत्यापित प्रतिलिपि आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें। अपूर्ण जानकारी होने पर या आवश्यक दस्तावेज की सत्यापित प्रतिलिपि संलग्न न होने पर आवेदन निरस्त कर दिया जावेगा और इस सम्बन्ध में कोई भी पत्र व्यवहार नहीं किया जावेगा |